सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

नई दिल्ली
ज्येष्ठ 06, शक संवत् 1947
27 मई, 2025

**प्रिय ग्राम प्रधान जी,**

नमस्कार। आपको और आपके क्षेत्रवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं।

इस वर्ष 21 जून को हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का 11वां संस्करण मना रहे हैं और यह हमारे लिए एक विशेष अवसर है, क्योंकि हम इस ऐतिहासिक पहल की 10 वर्षों की सफल यात्रा को भी सम्मानपूर्वक स्मरण कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि योग ने इन वर्षों में न केवल भारत में, बल्कि विश्वभर में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

इस वर्ष की थीम **"योग: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"** केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की नहीं, बल्कि मानवता, पर्यावरण और वैश्विक कल्याण की एकता की भावना को भी प्रकट करती है। योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जो शरीर एवं मन को संतुलित कर एक समग्र और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में मार्गदर्शन करता है।

शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त नागरिक राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। इस तरह योग एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को भी मजबूती प्रदान करता है।

मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप अपने पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। पंचायत भवन, आंगनवाड़ी, विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योग सत्र आयोजित करें, ताकि बच्चे, युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक समेत सभी वर्ग इसमें भाग लेकर लाभान्वित हो सकें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन जन-जन को प्रेरित करेगा कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर आगे बढ़ें।

आपको पुनः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। समस्त ग्रामवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना सहित।

आपका,

**(नरेन्द्र मोदी)**